अमर उजाला 05/02/2025

# डॉ. राकेश कुमार सहित 20 छात्रों को जिला प्रशासन से मिला सम्मान



अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के 21 समर्पित छात्रों को हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य, डॉ. रोहित दत्त ने सभी सम्मानित छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्राचार्य डॉ. रोहित दत ने इस अवसर पर कहा, "यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हमारे युवा रेड क्रॉस (फउ) स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने न केवल लोगों को लोकतंत्र के प्रति जागरूक किया, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्रों तक पहुंचने में सहायता कर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने आगे बताया कि हमारे कॉलेज के 20 छात्रों और हमारे काउंसलर, डॉ. राकेश कुमार, को जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है, जो हम सभी के लिए अत्यंत सराहनीय और गर्व का विषय है। इस सम्मान ने जीएमएन कॉलेज के छात्रों के समर्पण और समाज के प्रति उनकी सेवा भावना को उजागर किया है। कॉलेज प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी छात्र इसी प्रकार समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देते रहेंगे।इस अवसर पर कॉलेज के अन्य प्राध्यापकों ने भी सम्मानित छात्रों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।